# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाडमेर
**(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.:— 2023/227(142/23) दर्ज तिथिः—27.07.2023

1. ईशराराम पुत्र मदरूपाराम
2. कुंभाराम पुत्र लिछमणाराम
3. खरथाराम पुत्र लिछमणाराम
4. खेराजराम पुत्र चिमनाराम उर्फ चिमा
5. खीयाराम पुत्र चिमनाराम उर्फ चिमा
6. चतरू पत्नी दमाराम
7. चूनाराम पुत्र धीराराम
8. झीमा पुत्री धीराराम
9. दिनेश पुत्र धीराराम
10. भंवरीदेवी पत्नी धीराराम (नाबालिग प्रार्थी संख्या 7 से 9 वली माता प्रार्थी सं.10)
11. जोराराम पुत्र मदरूपाराम
12. दीपाराम पुत्र मदरूपाराम
13. नथू पत्नी पूनमाराम
14. नैनाराम पुत्र लिछमणाराम
15. पदमाराम पुत्र पूनमाराम
16. पदमाराम पुत्र चिमनाराम
17. मूलाराम पुत्र चिमनाराम
18. रामाराम पुत्र दमाराम
19. लाखाराम पुत्र भींयाराम
20. शिवजीराम पुत्र चिमनाराम

जाति जाट निवासी तेजियावास तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर।

— प्रार्थीगण

**<u>बनाम</u>**

1. किशनाराम पुत्र गोरखाराम
2. खेराजराम पुत्र गोरखाराम
3. चम्पालाल पुत्र गोमदाराम
4. जोराराम पुत्र गुमनाराम
5. ताजाराम पुत्र गोमदाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:34 IST
Reason: SelfAttested

6. धन्नाराम पुत्र गुमनाराम
7. पीराराम पुत्र गुमनाराम
8. बबरी पत्नी गोमदाराम
9. मोहन पुत्र गोरखाराम
10. रामाराम पुत्र मोटाराम
11. हुकमाराम पुत्र दमाराम जाति सुथार
12. कलूदेवी पत्नी चनणाराम
13. नगाराम पुत्र चनणाराम
14. प्रभुराम पुत्र चनणाराम जाति जाट निवासी तेजियावास
15. जोराराम पुत्र पूराराम
16. दलाराम पुत्र पूराराम
17. चनणाराम पुत्र हरचन्दराम
18. पूराराम पुत्र हरचंदराम
19. भेराराम पुत्र हरचन्दराम
20. भंवराराम पुत्र हरचन्दराम
21. रामाराम पुत्र हरचन्दराम
22. लेरों पत्नी हरचन्दराम जाति जाट निवासी रामजी का गोल
23. गणपतराम पुत्र छोगाराम जाति सुथार निवासी डबोई तहसील धोरीमना
24. दमीदेवी पत्नी अर्जुनराम
25. फूलीदेवी पत्नी पेमाराम जाति जाट निवासी गुन्देलपुरा
26. गफूरअहमद पुत्र अब्दुलहादी जाति मुसलमान निवसी बरहान का तला चौहटन
27. जगदीशचन्द्र पुत्र रावतमल जाति जैन निवासी चौहटन
28. खेतुदेवी पत्नी वेहनाराम
29. गंगाराम पुत्र वेहनाराम जाति जाट निवासी सियोलों का डेर
30. भगाराम पुत्र ताजाराम
31. दुर्गाराम पुत्र पनाराम
32. सगराम पुत्र पनाराम जाति मेगवाल निवासी बेरीगांव
33. जगाराम पुत्र घेवरराम
34. टीपू पत्नी घेवरराम
35. धर्मेन्द्र पुत्र घेवरराम
36. प्रवीण पुत्र घेवरराम
37. मांगाराम पुत्र वीरमाराम
38. मोहनराम पुत्र घेवरराम
39. सुखराम पुत्र घेवरराम
40. सुरताराम पुत्र राणाराम
    जाति मेगवाल निवासी तेजियावास तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर

......................असल अप्रार्थीगण

41. तहसीलदार गुढामालानी

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:34 IST
Reason: SelfAttested

ईशराराम बनाम किशनाराम
2023/227
निर्णय दिनांकः–10.06.2024
..............तरतीबी अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः– श्री डालूराम चौधरी।
अप्रार्थीगणः– एकतरफा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

## –:निर्णय:–

निर्णय तिथिः–10.06.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 51/7.0091 है0, वाके ग्राम रामजी का गोल एवं खसरा संख्या 124/82/17.4015 है0, 126/82/6.2321 है0, 127/85/0.6556 है0, 56/1.1412 है0, 81/0.0324 है0 वाके ग्राम तेजियावास तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुडामालानी द्वारा दिनांक 24.06.2023 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 24.06.2023 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 24.06.2023 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 [illegible] जो कि इस प्रकार है:–

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:34 IST
Reason: SelfAttested

> ***111. Decision of disputes as to boundaries.****—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2073—2076 वाके ग्राम रामजी का गोल व तेजियावास में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुडामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम रामजी का गोल व तेजियावास के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 24.06.2023 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुडामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा नम्बर 51, 124/82, 126/82, 127/85/, 56 को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:34 IST
Reason: SelfAttested

निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 51/7.0091 है0, वाके ग्राम रामजी का गोल एवं खसरा संख्या 124/82/17.4015 है0, 126/82/6. 2321 है0, 127/85/0.6556 है0, 56/1.1412 है0, 81/0.0324 है0 वाकै ग्राम तेजियावास तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुडामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुडामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 10.06.2024 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:34 IST
Reason: SelfAttested